www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-347 सागवाड़ा, गुरुवार, 8 सितम्बर, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


गणपति बप्पा मोरिया .. गणेशोत्सव के तहत गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार को धूमधाम से किया जाएगा। सागवाड़ा में गणेशोत्सव की धूम पूरे सागवाड़ा क्षेत्र सहित गावों में गणपति घर-घर विराज रहे हैं। शहर के हर मोहल्ले के पंडालों में गणेश प्रतिमाओं को विराजित कर पूजा अर्चना करते है। छोटे और बड़े पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की रौनक देखते ही बन रही है। तस्वीरों में देखिए सागवाड़ा शहर में गणेशोत्सव की रौनक।



कटारावाडा



पोल का कोठा



गामठवाडा



गौरवपथ गामठवाडा



भाटिया समाज




मांडवी चौक



भोईवाडा



कंसारा चौक



परमारवाडा

# डूंगरपुर एसीबी की बड़ी कार्रवाई, आसपुर थाने का एएसआई और कांस्टेबल 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

## कांस्टेबल की फाइलो में दबे मिले 22 हजार रुपए

**एंकरइन्ट्रो-आसपुर (डूंगरपुर)।** डूंगरपुर एसीबी की टीम ने आज आसपूर थाने में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। डूंगरपुर एसीबी की टीम ने स्टांप गड़बड़ी और जमीन के दो अलग- अलग केस में 50 हजार की रिश्वत लेते आसपुर थाने के एएसआई सुरेंद्र सिंह और कांस्टेबल विजयपाल सिंह को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वहीं तलाशी के दौरान कांस्टेबल के टेबल पर रखी फाइलो से भी 22 हजार की राशि बरामद की है। एसीबी की फिलहाल कार्रवाई चल रही है। बॉडी-डूंगरपुर एसीबी के डीएसपी हेरंब जोशी ने बताया की परिवादी प्रवीण कुमार पटेल ने कल एसीबी ऑफिस में आकर एक शिकायत दर्ज करवाई थी। इसमें बताया की उसके और उसके मामा मणिलाल के खिलाफ आसपुर थाने में स्टांप में गड़बड़ी और जमीन के दो अलग- अलग मामले दर्ज है। मामले में एफआर लगाने की एवज में आसपुर थाने के एएसआई सुरेंद्रसिंह पुत्र नाथू सिंह निवासी पीपलादा थाना सदर ने 1 लाख रुपए रिश्वत की मांग की। वही कांस्टेबल विजयपाल सिंह ने उसके खिलाफ दर्ज केस को हल्का करने, गिरफ्तार उसके मामा मणिलाल के साथ मारपीट नही करने व राहत देने के एवज में 40 हजार रुपए की मांग कर रहे है। डीएसपी हेरंब जोशी ने बताया की रिश्वत मांगने के मामले का कल 7 सितंबर को सत्यापन करवाया गया। जिसमे एएसआई सुरेंद्रसिंह और कांस्टेबल विजयपाल सिंह ने दोनों मामलों का मिलाकर 1 लाख 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगने की पुष्टि की। इसके बाद एसीबी ने आज गुरुवार को ट्रैप की कार्रवाई के लिए जाल बिछाया। एसीबी ने ट्रैप की कार्रवाई के लिए परिवादी को रुपए लेकर भेजा। परिवादी प्रवीण कुमार ने रिश्वत के रूप में 50 हजार रुपए एएसआई सुरेंद्र सिंह को ले जाकर दे दिए। इशारा मिलते ही एसीबी की टीम मौके पर पहुंच गई। एसीबी ने एएसआई सुरेंद्र सिंह की जेब से रिश्वत के रूप में लिए 50 हजार रुपए बरामद कर लिए। वही कांस्टेबल विजयपाल सिंह को भी रिश्वत मांगने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने कांस्टेबल विजयपाल सिंह के थाने के टेबल की दराज की तलाशी ली तो उसमे किया फाइले मिली। एसीबी ने उन फाइलो को खंगालना शुरू किया तो उसमे से रुपए निकलने लगे। एसीबी ने फाइलों से 22 हजार रुपए बरामद किए है। एसीबी की टीम अब ये रुपए कहा से आए और इन्हे फाइलों में क्यों रखे गए। इनकी जांच कर रही है। माना जा रहा हैं की फाइलों में मिले ये 22 हजार रुपए भी रिश्वत में लिए होंगे। एसीबी की टीम मामले में जांच कर रही है।

# आज से शहरी रोजगार गारंटी योजना, मिलेगा काम

## योजना के तहत सागवाडा में 2 हज़ार से अधिक जाब कार्ड बने, 500 ने काम के लिए आवेदन किया

**सागवाडा।** रोज़गार के लिए गांवों में चल रही महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत अब शहरी रोज़गार को बढ़ावा देने के लिए शहरों में इंदिरा गांधी रोज़गार गारंटी योजना की शुरुआत शुक्रवार से होगी।

इन्दिरा गांधी शहरी रोज़गार गारंटी योजना को लेकर नगरपालिका सागवाडा में नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया की मौजूदगी में पार्षदों की बैठक हुई है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि 9 सितंबर से सागवाडा में इस योजना के तहत काम शुरू होंगे । अधिशासी अधिकारी शर्मा ने सभी पार्षदों को इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों को रोज़गार से जोड़ने का आव्हान किया। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 2 हज़ार से अधिक जाब कार्ड बन चुके हैं साथ ही 9 सितंबर से शुरू होने वाली इस योजना में अब तक 500 से अधिक शहरवासियों ने काम की डिमांड की है।

# जल जीवन मिशन में केन्द्र सरकार की हिस्सेदारी बढ़ाकर 90 प्रतिशत करने की माँग

**जयपुर।** मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक को संबोधित किया। जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए जल स्त्रोतों की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। उपलब्ध जल स्त्रोतों का उचित सर्वेक्षण कर ही जल जीवन मिशन के तहत परियोजनाएं बनाई जानी चाहिए। राज्य के 13 जिलों में मिशन की सफलता के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ई.आर.सी.पी.) अत्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे जिलों में पानी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित होगी। केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द ई.आर.सी.पी. को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देना चाहिए ताकि इसका निर्माण जल्द पूरा हो और प्रदेश की जनता लाभान्वित हो सके।

केन्द्र सरकार को राज्यों की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए योजना के मापदंड तैयार करने चाहिए। राजस्थान की विषम भौगोलिक परिस्थिति व छितराई बसावट को देखते हुए हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है। अन्य राज्यों की तुलना में यहां पर प्रति नल कनेक्शन लागत बहुत अधिक है। इसे देखते हुए मिशन में केन्द्र सरकार की हिस्सेदारी बढ़ाकर 90 प्रतिशत की जानी चाहिए।

जल जीवन मिशन में वर्ष 2019 से अब तक राज्य सरकार द्वारा 3,950 करोड़ रूपये व्यय कर 16.79 लाख परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है। मिशन के अन्तर्गत राज्य में अब तक 20,245 गांवों की कुल 7,022 योजनाओं के लिए 19,084 करोड़ रूपये के कार्यादेश जारी हो चुके हैं। केन्द्र सरकार से अपील है कि जल जीवन मिशन की अवधि को बढ़ाकर 31 मार्च 2026 तक की जाए। विभिन्न कारणों से लागत में आई बढ़ोतरी को भी परियोजना के व्यय में शामिल किया जाए।

जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन में बाधा बन रहे सभी कारणों को केन्द्र सरकार के सामने उठाया जाएगा तथा समयबद्ध तरीके से इनका समाधान किया जाएगा।





**सागवाडा।** जैन समाज सागवाडा की ओर से दस दिवसीय पर्युषण पर्व के नवें दिन शुक्रवार देर रात को नगर में पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी में शास्त्र विराजित किये गए। जैन समाज के लोगों ने इस पालकी यात्रा में हर्षोल्लास से भाग लिया।

# गोविंद गुरु राउमावि बांसिया में रिक्त पद भरने की मांग

## ग्रामीण हुए मुखर, विधायक ने किया आश्वस्त



**सीमलवाड़ा ।** गोविंद गुरु राउमावि बांसिया में रिक्त पदों को भरने को लेकर ग्रामीण मुखर हो रहे है।

धनराज अहारी, शंकर लाल रोत, रमण लाल, गौतम लाल, जीतेश कोटेड, बंशीलाल सहित ने चौरासी विधायक राजकुमार रोत, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कुमार डामोर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि वागड़ संत गोविंद गुरु के नामकरण से गोविंद गुरु राउमावि बांसिया में कई पद रिक्त है जिससे बच्चों का शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। जिसको लेकर विधायक राजकुमार ने जल्द ही रिक्त पद भरने आश्वस्त किया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को भी पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार ने जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अमृत लाल कलाल, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कुमार डामोर को ज्ञापन सौंपा था।

# खडगदा में सांस्कृतिक आयोजन एवं पारितोषिक वितरण हुआ



**सागवाडा ।** खडगदा गांव के लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में बीती रात को सांस्कृतिक आयोजन एवं पारितोषिक वितरण हुआ है। मुख्य अतिथि सागवाडा पंचायत समिति के प्रधान ईश्वर सरपोटा थे। अध्यक्षता सरपंच गटी देवी ने की। विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य अनिता दीक्षित, गणेशलाल पाटीदार व जवाहर जोशी ने की।

स्वागत नीरज जोशी ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी साथ ही प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार दिए गए। प्रधान ईश्वर सरपोटा ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के लिए समय समय पर ऐसे आयोजन होने की आवश्यक है। इससे बच्चों के हुनर का पता चलता है। प्रधान ने ग्रामीणों की माँग पर एक इन टीन शेड देने की घोषणा की। गणेश पाटीदार ने सामाजिक समरसता और गाँव विकास की बात रखी। कार्यक्रम में ईश्वरलाल भट्ट, यशवंत पंड्या, डॉ. विजय जोशी, शशिकांत पुरोहित, गणेशलाल भट्ट, भरत श्रीमाली, प्रकाश भट्ट अनुपम, इन्दिरा जोशी मौजूद रहे।

संचालन और डॉ. विमलेश पण्ड्या और डॉ. रमेश भट्ट ने किया।

## बेणेश्वर विकास बोर्ड की बैठक आयोजित, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**साबला।** बेणेश्वर धाम पर बेणेश्वर विकास बोर्ड की बैठक महंत अच्युतानंद महाराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डूंगरपुर डॉ इंद्रजीत यादव, जिला कलेक्टर बांसवाड़ा, जिला पुलिस अधीक्षक बांसवाड़ा, जिला पुलिस अधीक्षक डूंगरपुर राशि डोगरा, अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमेंद्र नागर सहित विकास बोर्ड सदस्य मौजूद रहे।

# राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक

**ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं 12 सितंबर से * मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा, अभ्यास मैचों के साथ तैयारियां शुरू * जिले में ब्लॉक स्तर पर 901 टीमों के माध्यम से 10 हजार से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे दम**



**डूंगरपुर।** राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक 2022 के ग्राम स्तरीय प्रतियोगिताओं के पश्चात ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारियां अभ्यास मैचों के साथ ही प्रारंभ कर दी गई है। तैयारियों को लेकर बुधवार को मुख्य सचिव उषा शर्मा ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की, जिसमें मुख्य सचिव शर्मा ने खेल मैदानों की चिन्हिकरण, शारीरिक शिक्षकों की नियुक्ति, खेल किट की स्थिति और पोर्टल पर अपडेशन, ब्लॉक पर उद्घाटन, अभ्यास मैच को लेकर समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सभी टीमों के पोर्टल पर अपडेशन पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही राज्य में सर्वाधिक 16000 टीमें कबड्डी की है, इसके लिए व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएं। डूंगरपुर जिला कलक्टर डॉ. यादव ने बताया कि ग्राम स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेताओं को ब्लॉक स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा।

# डूंगरपुर में निकाली भारत जोड़ो यात्रा

## यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता 30KM तक करेंगे जनसंपर्क

**डूंगरपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में गुरुवार को यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गणेश घोघरा ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली। डूंगरपुर विधानसभा क्षेत्र में 30 किलोमीटर तक पदयात्रा करते हुए लोगों को कांग्रेस से जोड़ा जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी ऑफिस गांधी आश्रम से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत हुई। एससी वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. शंकर यादव, यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक गणेश घोघरा, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, पूर्व राज्यमंत्री



असरार अहमद समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जोड़ो-जोड़ो भारत जोड़ो के नारे लगाते हुए निकले। ये यात्रा शहर के नया बस स्टैंड से निकलते हुए आसपुर रोड की ओर बढ़ने लगी। कुशालमगरी, बिलड़ी, तिजवड़, मनपुर होते हुए खेड़ा से कई गांवों में पहुंची। यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गणेश घोघरा ने कहा कि देश में आज अराजकता का माहौल है।

केंद्र की मोदी सरकार देश को जाति, धर्म, भाषा के नाम पर बांटने का काम कर रही है। उसी के खिलाफ कांग्रेस देश को एक साथ जोड़ने के लिए ये यात्रा निकाल रही है। यात्रा गांव-गांव जाकर लोगों को भाजपा की राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ जागरूक करेगी।